आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.01.2025 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 18:00 बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओकओवर से हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शुरू की गई हिम ईरा और ई–कामर्स प्लेटफार्म की अपनी वैबसाईट लांच की इस प्लेटफार्म से लगभग साढ़े तीन लाख महिलाएं अपने उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन बेच सकेंगीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सात हिम ईरा फूड वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्व सिंह भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार का ये महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के लॉच होने से प्रदेश के स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेच पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और वनों में पौध रोपण जैसे कार्यों में महिलाओं व युवा समूह की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक योजना तैयार की जा रही है जिसकें तहत उन्हें सहायता प्रदान की जाएगी।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला से राज्य रेडक्रॉस के माध्यम से कुल्लू जिले के बंजार स्थित तांदी गांव में हुए भीषण अग्निकांड के प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री से भरे वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पांच अन्य राहत सामग्री से भरे वाहनों को भी अन्य जिलों के लिए रवाना किया। तांदी गांव की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अग्निकांड से वहां की विरासत ही चली गई है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तांदी गांव में जिला स्तर पर राहत कार्य संचालित किए जा रहे हैं और रेडक्रॉस ने भी दैनिक जीवन की जरूरी सामग्री भेजी है। प्रदेश के अन्य जिलों किन्नौर, शिमला, बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना जिलों के लिए भी सर्दी के मौसम के दृष्टिगत पात्र व्यक्तियों के लिए राहत सामग्री से भरे वाहन भेजे गए हैं।

## प्रशिक्षण

प्रदेश में शिवा प्रौजेक्ट के तहत बागवानी गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कांगड़ा, मण्डी, सिरमौर और हमीरपुर के उद्यान व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के एक दल ने राष्ट्रीय जल अकादमी पुणे में प्रशिक्षण हासिल किया। एचपी शिवा परियोजना के निदेशक डॉक्टर देवेन्द्र ठाकुर ने बताया कि इन अधिकारियों को 30 दिसंबरसे 3 जनवरी तक लघु सिंचाई प्रणाली में सॉफ्टवेयर डिजाईन और जल प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने कृषि विज्ञान केंद्र बारामती में आधुनिक तकनीक से खेतीबाड़ी और बागवानी के तरीके भी सीखे।

## स्कूल समय सारिणी

भीषण ठंड के कारण ऊना जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, अब स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश कल 4 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। पढ़ाई के समय की भरपाई के लिए प्रार्थना सभा और अवकाश का समय कम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक को स्कूलों के समय के अनुसार बसों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि छात्रों और शिक्षकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार पिछले दो साल में ऐसे काम कर रही जिससे हिमाचल देश भर में सुर्खियों में बना हुआ है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंनें कहा कि चुनाव के दौरान तीन सौ यूनिट बिजली निशुःल्क देने का वायदा करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब इस वायदे से पीछे हट रही है। राजीव बिंदल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केवल जनता का ध्यान भटकाने  और व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे है।

---